राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया
वर्षः 12 अंकः 80 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# अमृतपाल पर कस रहा शिकंजा

## अमृतपाल जिस बाइक से भागा वह जालंधर में मिली, पत्नी बब्बर खालसा की मेंबर, फंड जुटाती है,मां से एक घंटे पूछताछ

### अमृतपाल फरार

= पुलिस ने दोपहर लगभग 12 बजे अमृतसर के जल्लूपुर खेड़ा गांव में अमृतपाल की मां से करीब एक घंटे पूछताछ की

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**वारिस** पंजाब दे के चीफ अमृतपाल की तलाश में पुलिस का ऑपरेशन लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। जिस बाइक से वह भागा, उसे पुलिस ने बुधवार को बरामद कर लिया। बाइक जालंधर से करीब 45 किलोमीटर दूर दारापुर इलाके में लावारिस हालत में मिली। उधर, पुलिस ने दोपहर लगभग 12 बजे अमृतसर के जल्लूपुर खेड़ा गांव में अमृतपाल की मां से करीब एक घंटे पूछताछ की। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि पूछताछ किस मामले को लेकर की गई है। इस दौरान पुलिस ने अमृतपाल की पत्नी किरणदीप कौर से भी सवाल-जवाब किए।



**नया खुलासाः पत्नी भी बब्बर खालसा की मेंबर, फंड जुटाती हैः** अमृपताल सिंह की पत्नी किरणदीप कौर है। वह बब्बर खालसा की एक्टिव मेंबर है। किरणदीप बब्बर खालसा के लिए फंड जुटाती है। 2020 में उसे और 5 लोगों को बब्बर खालसा के लिए पैसे जुटाने के आरोप में गिरफ्तार भी किया गया था। वह ब्रिटेन से खालिस्तान मूवमेंट के लिए फंडिंग कर रही थी।

**अमृतपाल ने हुलिया बदला, दाढ़ी छोटी कीः** एक दिन पहले यानी मंगलवार को अमृतपाल की एक तस्वीर सामने आई, जिसमें उसका हुलिया बदला हुआ है। उसने दाढ़ी कटवा ली है, पारंपरिक सिख बाणा उतार दिया है और पगड़ी में हैं। शर्ट और जींस में बाइक पर बैठा दिख रहा है। पुलिस के मुताबिक, अमृतपाल ब्रेजा कार से नंगल अंबिया गांव पहुंचा। यहां उसने गुरुद्वारे के ग्रंथी को बंधक बनाया और यहीं पर हुलिया बदला। इसके बाद वह बाइक से फरार हो गया। पुलिस ने ब्रेजा कार शाहकोट में मनप्रीत मन्ना के घर से बरामद की है। मन्ना को अमृतपाल का मीडिया एडवाइजर बताया जा रहा है। उसके अलावा गुरदीप दीपा, हरप्रीत हैप्पी और गुरभेज भेज्जा की गिरफ्तारी भी हो चुकी है।

### अब तक 154 हिरासत में



इस पूरे मामले में अमृतपाल सिंह के साथियों के अलावा भागने में उसकी मदद करने वाले कुल 154 लोग हिरासत में लिए जा चुके हैं। पुलिस इस पूरे मामले में किसी को बख्शने के मूड में नहीं है। पकड़े गए आरोपियों के अलावा पुलिस अब अमृतपाल सिंह के पारिवारिक सदस्यों के बारे में भी जानकारियां हासिल करना शुरू हो गए हैं। पकड़े गए सभी आरोपियों को देश की विभिन्न जेलों में भेजने की प्लानिंग है, जिसके लिए 13 जेलें आइडेंटिफाई की जा चुकी हैं।

### 500 करीबी एनआईए की रडार पर

**एनआईए** की टीम हथियारों, विदेशों से लिंक, फंडिंग और आईएसआई से लिंक की जांच कर रही है। पंजाब पुलिस ने अमृतपाल सिंह के 458 करीबियों की पहचान कर एनआईए को उनकी सूची सौंपी है। इन्हें ए, बी और सी कैटेगरी में बांटा गया है।


ए कैटेगरी के 142 लोग हैं जो 24 घंटे अमृतपाल के साथ रहते थे। बी कैटेगरी में 213 वो लोग हैं जो फाइनेंस और संगठन का काम देखते हैं। एनआईए की आठ टीमें पंजाब पहुंच गई हैं और इन टीमों ने अमृतसर, तरनतारन, जालंधर, गुरदासपुर, जालंधर जिलों में जांच शुरू कर दी है। इसी लिस्ट में पत्नी किरणदीप कौर भी है।

## अनंत शक्तियों से संपन्न हैं देवी का पहला स्वरूप



**नवरात्रि** का दूसरा दिन मां दुर्गा की दूसरी शक्ति मां ब्रह्मचारिणी को समर्पित है। 23 मार्च 2023 को मां ब्रह्माचारिणी की पूजा होगी। मां ब्रह्मचारिणी की पूजा से संयम और त्याग की भावना जागृत होती है, जो लक्ष्य प्राप्ति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हजारों वर्षों तक अपनी कठिन तपस्या के कारण ही इनका नाम तपश्चारिणी या ब्रह्मचारिणी पड़ा। मां ब्रह्मचारिणी ने कई वर्षों तक निराहार रहकर और अत्यन्त कठिन तप से महादेव को प्रसन्न कर लिया। आइए जानते हैं चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन का मुहूर्त, शुभ योग और मां ब्रह्मचारिणी की पूजा विधि। चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन पीले या सफेद वस्त्र पहनकर देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा करनी चाहिए। चूंकी ये तपस्या की देवी है और तपस्वी अधिकतर सफेद या पीला वस्त्र धारण करते है।


## दिल्ली में ब्रिटिश हाईकमीशन के सामने एक्स्ट्रा बैरिकेड्स हटाए



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस ने ब्रिटिश हाईकमीशन के सामने लगे एक्स्ट्रा बैरिकेड्स बुधवार को हटा दिए। पुलिस ने कहा कि हाईकमीशन की ओर जाने वाले रास्ते में लगे एक्स्ट्रा बैरिकेड्स अड़चन पैदा कर रहे थे। हाईकमीशन के बाहर लगी सुरक्षा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पुलिस का यह एक्शन लंदन में इंडियन हाईकमीशन में खालिस्तानी प्रदर्शन के एक दिन बाद हुआ है। ब्रिटिश हाईकमीशन ने कहा कि यह सुरक्षा का मामला है और हम इस पर कोई कमेंट नहीं करेंगे। ब्रिटिश हाईकमीशन के बाहर सिक्योरिटी बरकरार है। वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह और उसके साथियों पर पुलिस की कार्रवाई के विरोध में खालिस्तान समर्थकों ने रविवार को लंदन में इंडियन हाईकमीशन का तिरंगा उतार दिया था।

## अडाणी नहीं, मोदी जी चुप्पी तोड़िये: जयराम



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**संसद** में राहुल गांधी की माफी और अडाणी के मुद्दे पर जमकर हंगामा हो रहा है। इसकी वजह से लोकसभा और राज्यसभा में पिछले 7 दिनों से जरूरी बिल पास नहीं हो पा रहे हैं। इस बीच कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को अडाणी मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि पिछले तीन-चार दिनों से कोशिश की जा रही है कि विपक्ष जेपीसी की मांग वापस ले ले, तो भाजपा राहुल गांधी से माफी मंगवाने वाली मांग वापस ले लेगी। हम यह सौदा नहीं करेंगे। हम चाहते हैं कि अडाणी नहीं बल्कि मोदी जी आप चुप्पी तोड़िए। उन्होंने कहा कि घोटाला केवल शेयर बाजार तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह पीएम मोदी और सरकार की नीतियों, नीयत और इरादों से भी जुड़ा है।

## अदालतें पितृसत्तात्मक टिप्पणी से बचें: सुप्रीम कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**चीफ** जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने मंगलवार को मौत की सजा के फैसले पर रिव्यू के दौरान अहम टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट की समीक्षा की पंक्तियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अदालतों को पुरुष प्रधान या पितृ सत्तात्मक टिप्पणियों से बचना चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा, 'बेटा वंश चलाता है, वही बुढ़ापे में मां-बाप का सहारा बनेगा, ऐसे कमेंट से बचना चाहिए।' चीफ जस्टिस की अध्यक्षत वाली जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच चेन्नई में 7 साल के लड़के की किडनैपिंग और हत्या के दोषी को मिली मौत की सजा की रिव्यू पिटीशन पर सुनवाई कर रही थी।



पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत 6-जी पर दृष्टि पत्र का अनावरण किया तथा 6-जी अनुसंधान एवं विकास परीक्षण केंद्र का शुभारंभ किया।

## दूरसंचार प्रौद्योगिकी नागरिकों को सशक्त बनाने का मिशन: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री न**रेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत में टेलिकॉम तकनीक केवल शक्ति पाने का साधन नहीं है बल्कि लोगों को सशक्त बनाने का एक मिशन है। आज डिजिटल तकनीक की पहुंच भारत में हर जगह है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के क्षेत्रीय कार्यालय और नवाचार केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने भारत 6-जी पर दृष्टि पत्र का अनावरण किया तथा 6-जी अनुसंधान एवं विकास परीक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। ये देश में नवाचार, क्षमता निर्माण और तेजी से प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए एक वातावरण को सक्षम बनाएंगे।

### 6जी पर नजर

= भारत 6-जी पर दृष्टि पत्र का अनावरण किया तथा 6-जी अनुसंधान एवं विकास परीक्षण केंद्र का शुभारंभ किया

## कोरोना के बढ़े मामले: पीएम ने की समीक्षा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश में** बढ़ते कोरोना के मामलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अहम बैठक की। इस दौरान देश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा की गई। जानकारी के मुताबहिक, कोरोना के मामलों में तेजी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हालात और सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा के लिए यह उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी। इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को अपडेट किए गए आंकड़ों से पता चला कि भारत में 1134 नए कोरोना के मामले दर्ज किए गए। मौजूदा वक्त में 7,026 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इस दौरान पांच लोगों की मौत भी हुई। छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र में एक-एक मौत की खबर है। इसके अलावा एक कोरोना संक्रमित की जान केरल में गई।

### एच3एन2 इन्फ्लुएंजा वायरस के मामले भी बढ़े

**कोरोना** के मामलों में अचानक वृद्धि के साथ-साथ एच3एन2 इन्फ्लुएंजा वायरस के मामले भी बढ़े हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश के बड़े हॉस्पिटल के टॉप हेल्थ एक्सपर्ट्स के साथ एच3एन2 इन्फ्लूएंजा के बढ़ते मामलों पर चर्चा करने के लिए एक बैठक की। इसमें इन्फ्लूएंजा के बढ़ते मामलों पर चर्चा की गई। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ अजय शुक्ला ने बताया कि सभी वायरल बुखारों में लगभग समान लक्षण होते हैं। आपकी नाक बह सकती है, आपको हल्की खांसी हो सकती है, बुखार हो सकता है।


## 31 मार्च तक खुले रहेंगे सभी बैंक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बैंकों की** सभी ब्रांच 31 मार्च तक खुली रहेंगी। आरबीआई ने बैंकों को अपनी ब्रांच 31 मार्च तक खोले रखने का आदेश दिया है। इससे अब आप रविवार को भी बैंक से जुड़े काम निपटा सकेंगे। 31 मार्च के बाद लगातार 2 दिन यानी 1 और 2 अप्रैल को बैंकों में कामकाज नहीं होगा। आरबीआई ने कहा कि 31 मार्च को फाइनेंशियल ईयर 2022-23 खत्म हो जाएगा। सरकार से जुड़े सभी ट्रांजैक्शंस इस तारीख तक सेटल हो जाने चाहिए। नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर और रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट सिस्टम के जरिए होने वाले ट्रांजैक्शंस 31 मार्च को रात 12 बजे तक जारी रहेंगे।

## जनमंच बंद करने पर हिमाचल विस में हंगामा



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला /चमन शर्मा**

**हिमाचल** प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनमंच को बंद करने के मौजूदा सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार के फैसले पर बुधवार को प्रदेश विधानसभा में भारी हंगामा हुआ। इस दौरान सरकार के फैसले का विरोध करते हुए जहां पूरा विपक्ष सदन के बीचोंबीच पहुंच गया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कीए वहीं भारी हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को सदन की बैठक 15 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। हालांकि सदन की बैठक फिर से आरंभ होने पर हंगामा खत्म हो गया और इसके बाद सदन की कार्यवाही शांत माहौल में चली। जन मंच बंद करने के मुदे पर विपक्ष के हंगामे के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने घोषणा की कि सरकार जन मंच कार्यक्रम को बंद कर इसके स्थान पर नया मंच लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि नई सरकार सत्ता में आई है और हम नया कार्यक्रम लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि वह समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर जन मंच कार्यक्रम को लेकर राजनीति करने और इसका राजनीतिक लाभ लेने का भी आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के कार्यक्रम में जहां लोगों की समस्याओं का हल होगा।

## जन जीवन मिशन का पूर्व भाजपा सरकार ने किया दुरुपयोग: मुकेश



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार ने जन जीवन मिशन का दुरुपयोग सत्ता हासिल करने के लिए किया, लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो पाई। उन्होंने बुधवार को विधानसभा में विधायक केवल सिंह पठानिया और सुधीर शर्मा के संयुक्त सवाल के जवाब में कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने अपने शासन के आखिरी चार माह में पाइपें केवल सत्ता हथियाने के लिए बांटी। उन्होंने कहा कि पूर्व शासनकाल में जन जीवन मिशन में खरीदी पाइपों को सत्ता हासिल करने का हथियार बना दिया था और कहीं इन पाइपों को झंडे लगाने के लिए तो कहीं बाड़ लगाने के लिए प्रयोग किया। यही नहीं कई स्थानों पर इन पाइपों की चारपाइयां भी बनाई गई। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि गत पांच सालों में जल शक्ति विभाग ने जल जीवन मिशन के तहत लगभग दो हजार करोड़ रुपए की पाइपें खरीदी। इनमें से 1709 करोड़ रुपए की 1.929 मीट्रिक टन अकेले जीआई पाइपें खरीदी गई। इसके अलावा 373558 मीटर डीआई पाइप और 5139352 मीटर एचडीपीआई पाइपें खरीदी गई। ये पाइपें 13 कंपनियों से खरीदी गई। उन्होंने जन जीवन मिशन पर श्वेत पत्र लाने के सत्ता पक्ष के विधायकों की मांग पर कहा कि पूर्व जल शक्ति मंत्री के विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के चंद्रशेखर का जीतना ही सबसे बड़ा श्वेत पत्र है। उन्होंने कहा कि जन जीवन मिशन 2024 में समाप्त होना था, लेकिन विधानसभा चुनावों में इसका फायदा लेने के लिए पूर्व सरकार ने इसे दो साल पहले ही निपटा लिया।

### आरोप

= पूर्व भाजपा सरकार ने अपने शासन के आखिरी चार माह में पाइपें केवल सत्ता हथियाने के लिए बांटी



# कांग्रेस की गारंटियों पर विपक्ष ने दिखाया सरकार को आईना

## भविष्य को देखते हुए तैयार किया गया है बजट : लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा में राज्य के वर्ष 2023-24 के आम बजट पर हो रही चर्चा के तीसरे दिन बुधवार को विपक्ष ने कांग्रेस की 10 चुनावी गारंटियों पर जहां सरकार को आईना दिखाया और छह अप्रैल तक प्रदेश में एक भी महिला को उसके खाते में चुनावी गारंटी के 1500 रुपए डालने की चुनौती दे डाली। वहीं दूसरी ओर सत्ता पक्ष ने भी सरकार का बचाव किया और बजट को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया दस्तावेज करार दिया। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज बजट पर चर्चा शुरू करते हुए कहा कि जनता ने जो जिम्मेदारी कांग्रेस को सौंपी है, उस पर खरा उतरना उनकी सरकार का दायित्व है। उस दृष्टि से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ऐतिहासिक बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट विपरीत परिस्थितियों में पेश किया गया है। आज राज्य की वित्तीय स्थिति खराब है और



उसके बीच यह ग्रीन बजट पेश किया गया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जो बजट पेश किया गया है वह भविष्य को देखते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में कई बातें पहली बार हुई हैं। उन्होंने कहा कि बजट में नए विजन का उल्लेख है और विकासोन्मुख बजट है। उन्होंने कहा कि आय बढ़ाने के लिए सरकार ने बजट में वाटर सेस की बात कही है और शराब के ठेकों की खुली नीलामी से पिछले वर्ष के मुकाबले बहुत अधिक का राजस्व मिला है।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि पिछले पांच साल में कुछ विधानसभा हलकों में ही विकास हुआ था और धन के आवंटन में बंदरबांट हुई थी। उन्होंने कहा कि कुछ डिविजन में केवल 100 से 150 करोड़ रुपए ही दिया गयाए जबकि कुछ में आंकड़ा 750 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने तो अपने ही दल के विधायकों की अनदेखी की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पूरे प्रदेश का एक समान विकास करेगी और आने वाले समय में इसके परिणाम दिखेंगे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि 2017 के विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 69 एनएच की घोषणा की थी और आज स्थिति यह है कि इसका आंकड़ा घटते-घटते 9 ही रह गए। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार एक भी एनएच राज्य में नहीं ला पाई। उन्होंने कहा कि बजट में कांगड़ा को टूरिस्ट कैपिटल बनाने का जिक्र है और इसके लिए विस्तृत योजना बनाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि बजट में रोजगार को लेकर भी बात कही गई है और सरकारी, निजी और स्वरोजगार के माध्यम से करीब-करीब एक लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा का भी सरकार ने ध्यान रखा है और बजट में इसका प्रावधान किया है।

**जो सुक्खू, वीरभद्र सिंह से नहीं हारे, वे अग्निहोत्री से क्या हारते : सत्ती**

बजट चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा विधायक सतपाल सत्ती ने कांग्रेस सरकार को उसकी 10 गारंटियों पर घेरा। उन्होंने कांग्रेस सरकार को चुनौती दी कि वह छह अप्रैल तक एक महिला को सामने लाएए जिसके खाते में चुनावी गारंटी के 1500 रुपए आए हों। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस ने घर-घर जाकर महिलाओं से 1500 देने की बात कही, लेकिन आज उनके खाते में 1500 तो दूरए एक पैसा तक नहीं मिला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलकर सत्ता में आई है। सत्ती ने कहा कि कांग्रेस ने 1 जनवरी से ओपीएस लागू करने की बात कही थी, लेकिन अब इसे एसओपी के चक्कर में घुमा कर रख दिया है। उन्होंने कांगड़ा जिला की अनदेखी पर सत्ता पक्ष को घेरते हुए कहा कि वहां चाहिए तो मंत्री था लेकिन कुछ और ही घोषणा कर के लोगों को शांत करने का प्रयास किया जा रहा है। सत्ती ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू सरकार के पास पैसे न होने का रोना रो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यदि पैसा नहीं है तो सीपीएस क्यों बनाए गए और कैबिनेट रैंक में सलाहकार क्यों बनाए और क्यों ओएसडी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को रोने के बजाय आय के साधन बढ़ाने पर कार्य करने की दिशा में कार्य करना चाहिए और फिजूलखर्ची को रोकना चाहिए। चर्चा के दौरान सत्ती ने उप मुख्यमंत्री पर भी तंज कसा और कहा कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में लड़ाई वह लड़ते रहे और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बन गए।

# बनाल में लोगों को बताई स्वरोजगार योजनाएं, कौशल विकास निगम ने आयोजित की कार्यशाला



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम ने बीते दिन यानि सोमवार को विकास खंड सुजानपुर की ग्राम पंचायत बनाल में 'संकल्पइ स्कीम के तहत एक कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला में निगम के प्रतिनिधियों, जिला अग्रणी बैंक कार्यालय, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी, कृषि विभाग, बागवानी विभाग, उद्योग विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, आईटीआई सुजानपुर, एमजीएनएफ , जिला रोजगार कार्यालय और अन्य विभागों के अधिकारियों ने भी ग्रामीणों को कई महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी मनदीप कुमार, जिला अग्रणी बैंक अधिकारी अजय कतना, आरसेटी के संजय कुमार, बीडीओ कार्यालय सुजानपुर के अतुल शर्मा, जेएसएस हमीरपुर से प्रतीक सोनी, सहित आदि ने भाग लिया।

## न्यूज फ्लैश

### आधार कार्ड पर लोन दिलाने के फर्जी पोस्टर से पुलिस ने सावधान किया

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

शहर में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के नाम पर लोगों को लोगों को आधार कार्ड पर लोन दिलाने के झांसा देने वाले शहर में लगे पोस्टरों से पुलिस ने लोगों का आगाह किया है। पिछले दिनों से अज्ञात शातिरों ने लोगों को ठगने के इरादे आधार कार्ड के नाम पर भोले भाले लोगों झांसे में लेने गए वादे से एक पोस्टर लगाया गया है जिसमें आधार कार्ड पर प्रधानमंत्री योजना के तहत लोन दिलाने की बात कही गई है। पोस्टर में अपने मोबाईल से 24 घंटे के भीतर ऑनलाइन 50 हजार से लेकर 10 लाख तक का लोन सीधे बैंक खाते में पाऐं। उधर पुलिस ने इस फर्जी को अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट करके लोगों को ऐसे पोस्टर से सावधान रहने को कहा है। जिले के एसपी रमन मीणा ने बताया लोगों को गुमराह करके झांसे में लेकर में लूटने वाले पोस्टर अक्सर शहर में लगाए है। इन पोस्टरों में ना तो प्रिंटर का नाम होता है और ना ही पोस्टर लगाने वाले की ओर से कोई टेलीफोन नंबर, पुलिस समय-समय पर लोगों को जागरूक व सावधान करती है। लोगों से फर्जी पोस्टर से सावधान रहे तथा सरकार की योजना के तहत ही संबंधित कार्यालयों में संपर्क करके लोन आदि के लिए अप्लाई करें ऐसे किसी फर्जी पोस्टरों के झांसे में न आए।

### पटलांदर से चंडीगढ़ बस सेवा की मांग जल्द पूरी होगी : राजेंद्र राणा



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पटलांदर से चंडीगढ़ के बीच सीधी बस सेवा शुरू करने की इलाका वासियों की मांग जल्दी ही पूरी की जाएगी। यह जानकारी सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा ने दी है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत पटलांदर, लंबरी, रंगड़, चलोह, चमियाना के प्रतिनिधियों ने प्रस्ताव डालकर पटलांदर से चंडीगढ़ के बीच सीधी बस सेवा चलाए जाने की मांग उनसे की थी और इन पंचायतों के के प्रतिनिधि निजी रूप से भी उनसे पिछले दिनों मिले थे। उनकी इस मांग को सरकार के समक्ष रखा गया है और जल्दी ही पटलांदर से वाया री चंडीगढ़ के लिए बस सेवा शुरू की जाएगी जो सुबह लगभग 7 बजे पटलांदर से चंडीगढ़ के लिए चलेगी और इसी दिन दोपहर 2 से 3 बजे के बीच चंडीगढ़ से पटलांदर के लिए रवाना होगी और इससे इलाका वासियों की न केवल मांग पूरी होगी बल्कि इलाके के लोग जो बड़े महानगरों के लिए जाना चाहते हैं, उन्हें चंडीगढ़ के लिए सीधी बस सेवा उपलब्ध हो जाएगी।राजेंद्र राणा ने कहा कि इससे पूर्व जब स्वर्गीय ठाकुर जगदेव चंद मंत्री थे तो पटलांदर से दिल्ली के लिए बस चलाई गई थी और अब इलाका वासी फिर से पटलांदर से चंडीगढ़ के बीच सीधी बस सेवा की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इलाका वासियों को बहुत जल्दी ये तोहफा मिलेगा।

### टाटा मोटर्स ने बीएस6 फेज 2 उत्सर्जन नियमों से पहले अपने व्यवसायिक वाहनों की कीमतें बढ़ाई

**शिमला:** भारत में व्यवसायिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स 1 अप्रैल 2023 से अपने व्यवसायिक वाहनों की कीमतों में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी लागू करेगी।वाहनों की कीमतों को बढ़ाने का यह फैसला अधिक सख्त बीएस6 फेज 2 उत्सर्जन नियमों का अनुपालन करने के लिए कंपनी द्वारा की गई कोशिशों का परिणाम है।

टाटा मोटर्स ने इन मानदंडों को पूरा करने के लिए अपने पूरे वाहन पोर्टफोलियो में बदलाव किया है।ग्राहक और बेड़े के मालिक अब पर्यावरण के अनुकूल और तकनीकी रूप से सबसे बेहतरीन गाड़ियों की रेंज की उम्मीद कर सकते हैं जोकि उन्हेंल ज्यादा से ज्यादा फायदे और स्वामित्वव की कम लागत प्रदान करेंगी।

कीमतों में यह बढ़ोतरी व्यादवसायिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी। हालांकिए बढ़ी हुई राशि वाहन के व्यक्तिगत मॉडल और वैरिएंट के अनुसार होगी।

## कांगड़ा जिले को सूबे की टूरिज्म कैपिटल बनाने से अन्य जिला को भी फायदा : आशीष बुटेल

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

प्रदेश सरकार द्वारा कांगड़ा जिले को सूबे की टूरिज्म कैपिटल बनाने से साथ लगते जिला मंडी, चंबा, ऊना और हमीरपुर का भी फायदा होगा। कांगड़ा के गग्गल एयरपोर्ट का विस्तार होने से टूरिज्म के साथ-साथ स्थानीय लोगों को हवाई सेवा को लेकर सहुलियत प्राप्त होगी। यह बात बुधवार को प्रदेश सरकार में शहरी विकास, प्राथमिक एवं उच्च शिक्षा के सीपीएस आशीष बुटेल ने अपने मंडी जिला के राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर के शुभारंभ अवसर पर मीडिया से अनौपचारिक बातचीत के दौरान कही।

आशीष बुटेल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हवाई यात्रा को लेकर टिकट के मूल्य काफी अधिक हैं। प्रदेश में अभी तक हवाई मार्ग से सामान के आदान-प्रदान की

# रामपुर एचपीएस में भारतीय नववर्ष समारोह आयोजित

**रामपुर बुशहर/लिहांटू**

गत दिवस को रामपुर एचपीएस द्वारा बायल कार्यालय स्थित सम्मेलन कक्ष में अपराहन 3 बजे भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख/कार्यपालक निदेशक रवि चन्द्र नेगी मुख्यातिथी के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर रामपुर एचपीएस के समस्त विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख/कार्यपालक निदेशक रवि चन्द्र नेगी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यालय परिसर, विद्युत गृह एवं टाउनशिप में लड़ियों से साज सज्जा की गई है। सर्वप्रथम रवि चन्द्र नेगी ने उपस्थित समस्त



कर्मचारियों को हिन्दू नव वर्ष यानी विक्रम संवत 2080 की शुभकामनांए दी। उन्होने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिन्दू नव वर्ष की शुरूआत होती है।

आज पूरे भारत वर्ष में इसे मनाया जा रहा है। एसजेवीएन के सभी कार्यालयों में भी भारतीय नव वर्ष का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने सभी को भारतीय नव वर्ष के अवसर पर लगन से निगम की सांझी दृष्टि को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। परियोजना प्रमुख ने कहा कि भारतीय नव वर्ष के आयोजन का श्रेय निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नन्द लाल शर्मा को जाता है, जिन्होने पिछले गत वर्षों इस प्रकार के उत्सव को मनाने की पहल की तथा जिनके दिशानिदेर्शों से इस कार्यक्रम का सफल आयोजन हो पाया है। रामपुर परियोजना के कार्यालय परिसर में भी जगह -जगह भारतीय नव वर्ष के बैनर प्रदर्शित किए गए है। इस अवसर पर आंतर विभागीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कार्मिकों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। कर्मचारियों हेतु प्रश्न मंच का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता सं संबंधित प्रश्न पूछे गए इस प्रतियोगिता में कुल 6 विभागीय टीमों ने भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों एवं अन्य प्रस्तुतियों के प्रतिभागियों को परियोजना प्रमुख द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंत में कौक्ष्या नेगी द्वारा धन्यावाद ज्ञापन देकर मुख्यातिथी, सभी विभागाध्यक्ष एवं अधिकारियों/कर्मचारियों का धन्यावाद किया एवं पुनः सभी को भारतीय नव वर्ष की शुभकामनांए दी।

## अपनी समृद्ध संस्कृति को साथ लेकर आगे बढ़े युवा : उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**

भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आज जिला किन्नौर के ओद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान रिकांग पिओ में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्थानीय बोली पर भाषण, प्राचीन लोकनृत्य तथा लोकगीत प्रतियागिता का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त किन्नौर तोरूल एस रवीश ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने कहा कि किन्नौर की संस्कृति सबसे अलग और विशेष है इसलिए जिला के युवाओं को अपनी समृद्ध संस्कृति के संरक्षण हेतु इसे अपने साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। प्राचीन लोकनृत्य तथा लोकगीत प्रतियागिता का आयोजन बेहद सराहनीय है।

# मुख्य संसदीय सचिव ने एनसीसी एयर विंग कुल्लू कैडेटस के हेंगर के लिए जारी किए 50 लाख

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

मुख्य संसदीय सचिव, ऊर्जा, पर्यटन, वन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने आज कहा कि एनसीसी एयर विंग कुल्लू के कैडेटस को अब भुंतर में मिलेगी माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट की प्रशिक्षण सुविधा। इससे पूर्व प्रदेश के एनसीसी एयर विंग के केडेट्स को माइक्रोलाइट फ्लाइट ट्रेनिंग के लिए पंजाब के पटियाला में प्रशिक्षण के जाना पडता था। मुख्य संसदीय सचिव उर्जा पर्यटन, वन, व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने बताया कि इस विषय पर उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुख्खू से चर्चा की तथा उन्हीं के आशीर्वाद से कुल्लू के भुंतर स्थित हवाई अड्डा में हैंगर की स्थापना के लिए उन्होंने स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण से 50 लाख रुपए की राशि जारी की है।उन्होंने कहा कि इस राशि से यहां पर कैडेट्स के लिए माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट उड़ाने की ट्रेनिंग हेतु हैंगर की व्यवस्था की जाएगी।भुंतर स्थित हवाई अड्डे पर हेंगर न होने के चलते माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट को



यहाँ रखने की सुविधा न होने से कुल्लू सहित प्रदेश के अन्य जिलों के एनसीसी एयर विंग के केडेट्स को प्रशिक्षण के लिए बाहर जाना पड़ता था जिससे उन्हें काफी कठिनाई का सामना भी करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डा भुंतर में हैंगर स्थापित होने से कुल्लू सहित प्रदेश के अन्य एनसीसी एयरविंग कैडेटस यहीं प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि एयरविंग के कैडेट्स को माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट में फ्लाइंग का ट्रेनिंग कोर्स अनिवार्य होता है।

अब हैंगर के स्थापित हो जाने से एनसीसी एयरविंग के केडेट्स को यह सुविधा कुल्लू में ही मिल जाएगी।

# 'अल्पसंख्यक समुदाय के 1382 लाभार्थियों में 34 करोड़ की राशि वितरित'

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

उपायुक्त आरके गौतम ने उनके कार्यालय सभागार में अल्पसंख्यक वर्ग के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री नया 15-सूत्रीय कार्यक्रम की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जानकारी दी कि जिला में वर्ष 2023 के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के 1382 लाभार्थियों को 34 करोड़ रुपये की राशि सरल ऋ ण के रूप में प्रदान की जा चुकी है। गत वर्ष 60 लाभार्थियों को 2०60 करोड़ रुपये की राशि स्वरोजगार के कार्यों के लिये प्रदान की गई थी। बैठक की कार्यवाही का संचालन जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोड़ा ने किया।आरके गौतम ने कहा कि जिला में अल्पसंख्यक वर्ग की कुल आबादी 53023 है और



इनके सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिये सरकार ने अनेक योजनाएं कार्यान्वित की हैं। स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना, स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना, सम्पूर्ण रोजगार योजना के तहत पात्र अल्पसंख्यक समुदायों के व्यक्तियों के लिये भौतिक एवं आर्थिक लक्ष्य निर्धारित किये गए हैं। नये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में से कतिपय संस्थान अल्पसंख्यक समुदायों की बहुलता वाले क्षेत्रों में स्थापित किये जाएंगे और उत्कृष्टता केन्द्रों के रूप में कुछ मौजूदा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का उन्नयन इसी आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत केन्द्रीय पुलिस बल, रेलवे, राष्ट्रीयकृत बैंकों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में भर्ती हेतु अल्पसंख्यकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में जानकारी दी गई कि जिला के कुल 1186 अल्पसंख्यक विद्यार्थियों में से 123 द्वारा छात्रवृति हेतु आवेदन करने के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई गई। मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान को सुदृढ़ बनाया जाएगा तथा इसकी गतिविधियों का सरकारी अनुदान से विस्तार किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि मदरसा शिक्षा का आधुनिकीकरण किया जाएगा। इनमें सभी प्रकार के विषयों को पढ़ाया जाएगा ताकि बच्चे का सर्वांगीण विकास हो और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगारोन्मुखी बन सके।

शिक्षण संस्थानों में छूआछूत के मामलों पर कड़ी नजर जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत गत तीन सालों में जिला में 53 मामले दर्ज हुए जिनमें 36 मामले न्यायालय में लंबित हैं।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय)
चौथा तल, सेवा भवन, आर. के. पुरम, नई दिल्ली - 110066
वेबसाइट: www.beeindia.gov.in दूरभाष: 011-26766700

**कृपया ध्यान दें: 14 अधिसूचित क्षेत्रों में ऊर्जा उपयोगकर्ता**

**ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 (2001 का 52) के तहत ऊर्जा खपत की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना**

निम्नलिखित ऊर्जा गहन क्षेत्रों में ऊर्जा के सभी उपयोगकर्ता / उपयोगकर्ता-वर्ग, जिनकी वार्षिक ऊर्जा खपत निम्नलिखित ऊर्जा गहन क्षेत्रों के विरुद्ध दर्शाई गई विनिर्दिष्ट सीमा से अधिक है, को ऊर्जा संरक्षण अधिनियम (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (ई), का.आ.394 (ई) दिनांक 12 मार्च, 2007, का.आ. 3542 (ई) दिनांक 29 दिसंबर, 2015, का.आ.1388(ई) दिनांक 02 मई, 2017 और का.आ. 2147 (अ) दिनांक 17 जून, 2020 का.आ. 3445 (ई) दिनांक 28 सितंबर, 2020, का.आ. 4165 (ई) दिनांक 07 सितंबर, 2022 के तहत नामित उपभोक्ताओं के रूप में अधिसूचित किया गया है।

| क्र. सं. | अधिसूचित क्षेत्र | मीट्रिक टन तेल के समतुल्य (एमटीओई) प्रति वर्ष ऊर्जा की न्यूनतम खपत |
|---|---|---|
| 1. | एल्यूमिनियम | 7,500 |
| 2. | सीमेंट | |
| | (क) एकीकृत सीमेंट यूनिट | 30,000 |
| | (ख) सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट | 10,000 |
| 3. | वाणिज्यिक भवन या स्थापनाएं | |
| | (क) होटल | 500 |
| | (ख) हवाई अड्डा | 500 |
| 4. | क्लोर-अल्कली | 12,000 |
| 5. | विद्युत वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) | एस ई आर सी/जे ई आर सी द्वारा सभी लाइसेंस प्राप्त वितरण कंपनियां |
| 6. | उर्वरक | 30,000 |
| 7. | लौह और इस्पात | 20,000 |
| 8. | लुगदी और कागज | 20,000 |
| 9. | पेट्रोलियम रिफाइनरियां | 90,000 |
| 10. | पेट्रोरसायन यूनिटें जिनमें गैस क्रैकर या नेफ्था क्रैकर या दोनों शामिल हों | 1,00,000 |
| 11. | रेलवे | |
| | (क) सभी जोनल रेलवे (ट्रैक्शन) | 70,000 |
| | (ख) कार्यशालाएं | 750 |
| | (ग) रेलवे की 8 उत्पादन फैक्टरियां नामतः आईसीएफ आरसीएफ, सीएलडब्ल्यू, डीएलडब्ल्यू पीएलडब्ल्यू आरडब्ल्यूएफ, एमसीएफ और आरडब्ल्यूपी | - |
| 12. | वस्त्र | 3,000 |
| 13. | थर्मल पॉवर स्टेशन | 30,000 |
| 14. | पेट्रोकेमिकल विनिर्माण इकाइयां | |
| | (1)फाइबर इंटरमीडिएट | 50,000 |
| | (2) पॉलिमर | 10,000 |
| | (3) डिटर्जेंट इंटरमीडिएट | 9,000 |
| | (4) परफोर्मेंस प्लास्टिक | 3,000 |
| | (5) अन्य पेट्रोकेमिकल उत्पाद | 6,000 |
| | (6) सिंथेटिक रबर | 15,000 |
| | (7) सुगंध | 20,000 |

केंद्र सरकार द्वारा का.आ.1409(ई) दिनांक 28 मार्च, 2018, का.आ. 1473(ई) दिनांक 29 मार्च, 2019, का.आ. 1254(ई) दिनांक 13 अप्रैल, 2020, का.आ. 4491(ई) दिनांक 26 अक्टूबर, 2021 का.आ. 4552 (ई) दिनांक 26 सितंबर, 2022, को संबंधित नामित एजेंसी को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को एक प्रति के साथ, वार्षिक ऊर्जा खपत की स्थिति पर ऊर्जा प्रबंधक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित पिछले दो वर्षों अर्थात् 2021.22 और 2022.23 की रिपोट, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (ठ) के तहत अधिसूचित प्रपत्र-1 में प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाता है।

आवश्यक क्षेत्र लागू प्रो.फॉर्मा या प्रपत्र.1 की एक प्रति बीईई वेबसाइट: **https://beeindia.gov.in/content/pat-performa** से डाउनलोड की जा सकती है।

यदि कोई व्यक्ति 30 जून, 2023 तक वार्षिक खपत आदि की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो वह ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 की धारा 26 के तहत दंड का भागी होगा।

अधिक जानकारी/प्रश्न के लिए कृपया हमसे 011.26766700 पर संपर्क करें या **newdc@beeindia.gov.in** पर मेल भेजें।

CBC 34106/12/0024/2223

मिशन निदेशक, एनएमईईई

## न्यूज फ्लैश

### छात्रों को पौधारोपण व उनकी देखरेख के बारे में किया जागरूक



**गन्नौर**
**खेड़ी** रोड स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय में विश्व वानिकी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए भाषण प्रस्तुति एवं लघु नाटिका का मंचन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा पहल, शिक्षकगण तथा विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यार्थियों को पौधारोपण के बाद उनकी सुरक्षा,पेड़-पौधों के महत्व की जानकारी दी। प्रधानाचार्या पूजा पहल ने बताया कि कि किस तरह पेड़-पौधे तथा जीव -जंतु इस पृथ्वी का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। स्कूल के शिक्षकों ने भी छात्रों को जागरूक किया।

### भाविप ने पॉलिटेक्निक में नव बसंत पर हवन यज्ञ का किया आयोजन

**अम्बाला (मनीष कुमार)** भारत विकास परिषद महर्षि दयानंद शाखा द्वारा नवसंवत 2080 के उपलक्ष्य में अध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं संयोजक विवेक सबलोक के मार्गदर्शन में शहर के कल्पना चावला बहुतकनीकी संस्थान में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सहसंयोजक अंकुर गोयल, जतिन मेंहदीरत्ता, प्रदीप गुप्ता एवं निधिष अग्रवाल रहे । प्राचार्या विंदू आनंद ने अन्य अध्यापकगण के साथ परिषद सदस्यों का स्वागत किया। हवन यज्ञ को पंडित जी द्वारा पूरे विधि विधान से संपन्न किया गया। इस अवसर पर 200 से अधिक छात्राओं व 25 से अधिक अध्यापकों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता विवेक सबलोक ने नवसंवत का महत्व, हिंदू नववर्ष, नवरात्र पर्व की बधाई के साथ इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए मौजूद को प्रेरित करने हेतु हम होंगे कामयाब का गायन किया। व यह भी बताया कि हर वर्ष नवसंवत पर नई टीम का कार्यकाल आरंभ होता है। इस कार्यक्रम में परिषद् की ओर से सचिव राकेश मक्कड़, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, मंजू अग्रवाल,मनोज गर्ग, राजिन्द्र अग्रवाल, चमनलाल, यशस्वी गुप्ता, राकेश अग्रवाल सहित अन्य सदस्यगण व संस्थान की ओर से डिप्टी सुपरिटेंडेंट परवीन मित्तल, हैड आफ डिपार्टमेंट डॉ अश्वनी भारद्वाज, डॉ लाभ सिंह, नीरज मालन, बाबू राम व अन्य अध्यापकगण मौजूद रहे । डॉ अश्वनी भारद्वाज ने संस्थान की ओर परिषद परिवार के सभी सदस्यों का आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

### टाटा मोटर्स ने बीएस6 फेज 2 उत्सर्जन नियमों से पहले अपने व्यावसायिक वाहनों की कीमतें बढ़ाई

**नोएडा।** भारत में व्यावसायिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी, टाटा मोटर्स 1 अप्रैल 2023 से अपने व्यावसायिक वाहनों की कीमतों में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी लागू करेगी। वाहनों की कीमतों को बढ़ाने का यह फैसला अधिक सख्त बीएस6 फेज 2 उत्सर्जन नियमों का अनुपालन करने के लिए कंपनी द्वारा की गई कोशिशों का परिणाम है। टाटा मोटर्स ने इन मानदंडों को पूरा करने के लिए अपने पूरे वाहन पोर्टफोलियो में बदलाव किया है। ग्राहक और बेड़े के मालिक अब पर्यावरण के अनुकूल और तकनीकी रूप से सबसे बेहतरीन गाड़ियों की रेंज की उम्मीद कर सकते हैं जोकि उन्हें ज्यादा से ज्यादा फायदे और स्वामित्व की कम लागत प्रदान करेंगी। कीमतों में यह बढ़ोतरी व्यावसायिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी। हालांकि, बढ़ी हुई राशि वाहन के व्यक्तिगत मॉडल और वैरिएंट के अनुसार होगी।

### योगिराज एनपीएस 2023 में पिछले साल के अपने स्वर्ण और कांस्य पदक की संख्या को और बढ़ाना चाहते हैं

**नोएडा।** नेशनल पोकर सीरीज इंडिया 2023 (एनपीएस) का समय तेजी से करीब आ रहा है और इसके साथ ही रोमांच उल्लेखनीय रूप से बढ़ रहा है। खिलाड़ी पुरस्कार जीतने के लिए जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं और नोएडा के 35 वर्षीय योगिराज सिंह इस साल दूसरेपोकर खिलाड़ियों के लिए खेल के स्टैण्डर्ड को बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। टीम में पिछले साल के चैंपियन के साथ, इस बार दांव पर बहुत कुछ लगे होने की संभावना है क्योंकि योगिराज सिंह जैसे खिलाड़ी फिर से स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश कर रहे हैं। उनके धैर्य और पैनी नजर ने उन्हें पिछले एनपीएस में स्वर्ण पदक जीतने में मदद की थी। योगिराज ने 1950 से अधिक टूर्नामेंटों में सफलतापूर्वक भाग लिया है और इनमें से 28 को जीतने का मजबूत रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने अधिकांश प्रयासों में सफलता के ट्रैक रिकॉर्ड का प्रदर्शन करते हुए 251 में जीत हासिल की। एनपीएस 2023 से अपनी उम्मीदों के बारे में बात करते हुए, योगिराज ने कहा, ह्लमैं 8 साल से ज्यादा समय से पोकर खेल रहा हूं। मैं इस साल के एनपीएस संस्करण की औपचारिक शुरूआत को लेकर उत्साहित हूं। एनपीएस बड़ी संख्या में नए खिलाड़ियों को आकर्षित करता है, और इसका लक्ष्य ना केवल पोकर खिलाड़ियों के बीच इसे बढ़ावा देना होता है, बल्कि यह नए खिलाड़ियों को अपनी गेमिंग प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। पोकर के लिए एक स्मार्ट नजरिये, धैर्य और दृढ़ता की आवश्यकता होती है। यह देखकर प्रेरणा मिलती है कि लोग खेल को पेशेवर रूप से अपनाते हैं और उन्हें इसकी बारीकियों का बेहतर ज्ञान है।

# विज ने सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण

## विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिशा-निर्देश दिए



**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**
**स्वास्थ्य मंत्री** अनिल विज ने छावनी सिविल अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन 200 बेड भवन और अस्पताल के पास डॉक्टर एवं पैरामेडिकल रेजिडेंस फ्लैट्स काम्पलेक्स का निरीक्षण और विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिशा-निर्देश दिए। विज ने इस दौरान निर्माण कार्य को लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से जानकारियां ली और स्वयं निर्माण साइट पर जाकर इसे चैक किया।

उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य को लेकर चर्चा करी, साथ ही कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। सिविल अस्पताल परिसर में निमाणार्धीन 200 बेड भवन के निरीक्षण के उपरांत स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अस्पताल के ठीक पास डॉक्टर रेजिडेंस फ्लैट्स का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मौके पर पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन राज कुमार, सीएमओ डा. कुलदीप सिंह, पीएमओ डा. राकेश सहल सहित कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अम्बाला छावनी सिविल अस्पताल में 77.44 करोड़ रुपए की लागत से 200 बिस्तरों की क्षमता वाले भवन का निर्माण कार्य इस समय चल रहा है। पहले यहां 100 बेड भवन बनाने का प्रपोज्जल था, मगर अब इसे अपग्रेड कर 200 बेड का किया गया। इसी तरह 47.19 करोड़ रुपए की लागत से सिविल अस्पताल के पास जगाधरी रोड पर डॉक्टर एवं पैरामेडिकल रेजिडेंस काम्पलेक्स का निर्माण कार्य चल रहा है।

डॉक्टर एवं पैरामेडिकल रेजिडेंस फ्लैट्स काम्पलेक्स का निर्माण कार्य 47.19 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। डॉक्टर रेजिडेंस के लिए पांच अलग-अलग ब्लॉक पांच मंजिला बनेंगे जिनमें 90 फ्लैट्स बनाए जा रहे हैं।

## फूड ग्रेन एसोसिएशन ने किया वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ



**गन्नौर**
**नई अनाज** मंडी में फूड ग्रेन एसोसिएशन द्वारा हिदू नववर्ष के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ किया। एसोसिएशन के प्रधान राजेश जैन व सचिव अनिल कौशिक की देखरेख में किया गया। एसोसिएशन के सचिव प्रधान राजेश जैन ने अपने संबोधन में कहा कि मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। इसे हिंदू नववर्ष के रूप में मनाते हैं। इसी दिन भगवान राम अयोध्या वापस लौटे थे और उनका राज्याभिषेक हुआ था। सचिव अनिल कौशिक ने कहा कि महाभारत काल में इसी दिन युधिष्ठिर का भी राज्याभिषेक हुआ था। इसी दिन सतयुग की शुरूआत हुई थी। इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था। शुक्ल प्रतिपदा का दिन चंद्रमा की कला का प्रथम दिवस माना जाता है। वनस्पतियों को सोमरस चंद्रमा ही प्रदान करता है। इस मौके पर

## "वो हिन्दुस्तानी" नाटक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया अम्बाला (मनीष कुमार)**
**आर्य गर्ल्ज कॉलेज,** अम्बाला छावनी के सभा भवन में यूथ क्लब एवं हरियाणा कला परिषद, अम्बाला मण्डल के संयुक्त तत्त्वावधान में नाटक वो हिन्दुस्तानी नाटक का मंचन किया गया। यह नाटक मुकेश शर्मा द्वारा निर्देशित तथा सुप्रसिद्ध नाटककार एवं लेखक पीयूष मिश्रा के नाटक गगन दमामा बाजयो से प्रेरित है। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि नागेन्द्र रहे जिनको स्मृति चिन्ह ओम देकर सम्मानित किया गया। यह नाटक चंद्रशेखर आजाद, शहीद भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरू सहित कई क्रांतिवीरों की विचारधारा को प्रदर्शित करता है। इस नाटक द्वारा ध्वनि एवं प्रकाश में यह दिखाने का प्रयास किया गया कि देश से लड़ना और देश के लिए लड़ने में अंतर होता है। जहां स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले वीर देश को आजाद करवाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे गए और आज के कुछ भटके हुए नौजवान देश को तोड़ने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। यह नाटक सभी क्रांतिकारियों के देश को आजाद करवाने के संघर्ष को दशार्ता है। इसमें भगत सिंह की उस सोच को भी दर्शाया गया है जिसमें उन्होंने आज के हिन्दुस्तान की कल्पना की है। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इसी के साथ-साथ एन.एस.एस. यूनिट्स द्वारा छात्राओं को अपनी संस्कृति की पुनरावृति हेतु डॉ. राजेंद्रा, सेवानिवृत, संस्कृत विभागाध्यक्ष द्वारा सम्वत 2080 भारतीय नववर्ष आज से शुरू हुआ, पर प्रकाश डाला और छात्राओं से आग्रह किया कि वो भारतीय संस्कृति का अनुसरण करें क्योंकि इसमें ज्ञान और विज्ञान दोनों ही समाहित हैं। इस अवसर पर लगभग 200 छात्राएं व स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

> 8 यह नाटक मुकेश शर्मा द्वारा निर्देशित तथा सुप्रसिद्ध नाटककार एवं लेखक पीयूष मिश्रा के नाटक गगन दमामा बाजयो से प्रेरित है

## भाविप वीर सावरकर शाखा ने भारतीय संस्कृति के बारे में करवाया अवगत

**गन्नौरः भारत** विकास परिषद वीर सावरकर शाखा गन्नौर द्वारा संवत 2080 चैत्र शुक्ल को नव वर्ष के उपलक्ष में न्यू वसंत विहार में मोहन शर्मा शर्मा के आवास पर हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मोहन शर्मा, नविंदर मुंजाल, विनीता पटेल रहे। यजमान के रूप में ओ पी पटेल, विनीता पटेल, नविंदर मुंजाल और दर्शना मुंजाल ने हवन किया। शाखा अध्यक्ष मंजू भूटानी और संतोष आर्या ने भजन सुनाया। पूर्व क्षेत्रीय मंत्री प्रवीण सिंघल और शाखा सचिव मंजू शर्मा ने नव वर्ष और भारतीय संस्कृति के बारे में सभी को बताया। शाखा कोषाध्यक्ष मोनिका गुजराल, शाखा महिला संयोजिका पूनम सिंघल और महिला शक्ति ने सभी को प्रसाद वितरित किया।

## कमल व कमासपुर के पहलवान पप्पू के बीच बराबरी पर छूटी कुश्ती



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**पांची जाटान** गांव में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास व दूर दराज समेत पंजाब, उत्तरप्रदेश, दिल्ली से आए करीब 150 पहलवानों ने जोर आजमाइश की। महिला पहलवानों की कुश्ती आकर्षण का केंद्र रही। पंजाब के कमल और कमाशपुर के पहलवान पप्पू के बीच दंगल बराबरी पर छूटा। दोनों पहलवानों को विजेता घोषित किया। इससे पहले बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने पहलवानों के हाथ मिलवा कर दंगल शुरू कराया। कादियान ने कहा कि ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, केवल उन्हें सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। हर बच्चे के माता-पिता को भी बच्चे की रुचि के अनुसार उसे खेलों में हिस्सा लेने के प्रति प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गन्नौर जैसे क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं हैं। ग्रामीण आंचल के इन पहलवानों को ठीक ढंग से कुश्ती का प्रशिक्षण मिल जाए तो यहां के पहलवान प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सकते है। इस अवसर पर प्राण पहलवान, अजित पहलवान, शेरा, वेदपाल, चांद पहलवान, बबलू पांची आदि मौजूद रहे।

# महाविद्यालय निर्माण में धड़ल्ले से लग रही घटिया सामग्री

**टीम एक्शन इंडिया/ मथुरा /वृन्दावन**
**वृंदावन में** निर्माणाधीन राजकीय कन्या महाविद्यालय में जमकर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है स्थानीय लोगों द्वारा मामला संज्ञान में लाने के बाद भी किसी अधिकारी ने न तो इस काम को रुकवाने की कोशिश की और न ही घटिया सामग्री लगाने से निर्माण संस्था को रोका गया धड़ल्ले से निर्माण कार्य जारी है जिसमें स्थानीय लोगों में आक्रोश है उत्तर प्रदेश की बेहतरीन निर्माण कार्य के रूप में विख्यात सरकारी उपक्रम उ प्र राजकीय निर्माण निगम द्वारा मथुरा में अक्रूर मंदिर के निकट काशीराम योजना के पास निमार्णाधीन एक कॉलेज में घटिया निर्माण सामग्री की शिकायते जनता के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं। ज्ञातव्य है की मथुरा में राजकीय निर्माण निगम द्वारा एक कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है जो जनपद में बहुउद्देशीय शिक्षा हेतु मील का पत्थर साबित होगा। उक्त कॉलेज के निर्माण का टेंडर जेपी कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया है जिसकी कुल लागत लगभग 9 करोड़ रुपए है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब सूबे के मुखिया योगी आदित्य नाथ द्वारा देश बप्रदेश में युवा पीढ़ी को उच्च शिक्षित करने की दिशा में विभिन्न शहरों में नित्य नए मेडिकल, तकनीकी, ब अन्य शिक्षा संस्थान खुलवाए जा रहे है जो भविष्य मे नए भारत की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे लेकिन शायद राजकीय निर्माण निगम के अधिकारियों की अनदेखी ब लापरवाही के कारण मथुरा में निमार्णाधीन कॉलेज मे घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग हो रहा है जो भविष्य मे किसी बड़े हादसे को अंजाम दे सकता है उक्त कॉलेज के भवन निर्माण मे एक वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है की दीवारों पर लगा प्लास्टर हाथो से रगड़ने पर रेत की माफिक नीचे गिर रहा है। जिस में स्पष्ट है की उक्त निर्माण मानक के अनरूप नही हो रहा है । इसके अलावा निर्माण में प्रयुक्त होने वाली अन्य सामग्री में भी कमीशन खोरी की बू आ रही है जिससे घटिया भवन का निर्माण लगातार बदस्तूर जारी है तथा सरकरी आदेशों के तहत निर्माण स्थल पर अवलोकनार्थ सूचक/बोर्ड भी नहीं लगा है। सूत्रों के मुताबिक उक्त कॉलेज के निर्माण में अधिकारियों की लापरवाई ब अनदेखी व जुगलबन्दी के चलते ठेकेदार भ्ष्टार्चार के पुल बांध रहा है जिससे योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को पलीता लग रहा है इस संबंध मे जब प्रोजेक्ट मैनेजर ब्रजमोहन चाहर, सहायक अभियंता रविन्द्र सिंह व अवर अभियंता विनोद से उनका आधिकारिक स्टेटमेंट लेने की कोशिश की गई तो उक्त अधिकारियों ने एक दूसरे पर पल्ला झाड़ते हुए कोई भी बयान देने से साफ इंकार कर दिया। अब देखना है की शासन, जिला प्रशासन ब राजकीय निर्माण निगम के उच्च अधिकारी उक्त संदर्भ का में संज्ञान लेकर क्या करवाई करते हैं।

> 8 संज्ञान में लाने के बाद भी किसी अधिकारी ने न तो इस काम को रुकवाने की कोशिश की और न ही घटिया सामग्री लगाने से निर्माण संस्था को रोका गया

## एनएसएस शिविरों में होता है युवाओं का सर्वांगीण विकास: कार्यक्रम अधिकारी

**मथुराः चंपा** अग्रवाल इंटर कॉलेज मथुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय सामान्य शिविर में जल संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रधानाचार्य डॉ राकेश कुमार माहेश्वरी ने किया। शिविर का विधिवत शुभारंभ एनएसएस के लक्ष्य गीत....... उठें समाज के लिए उठें, से हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में समाजसेवी श्री सी पी सिंह सिकरवार उपस्थित रहे, उन्होंने जल संरक्षण के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। समाजसेवी श्री अजय अग्रवाल ने जल संग्रहण के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि अगर इसी प्रकार से जल का दोहन किया जाता रहा तो जलस्तर काफी नीचे चला जाएगा और एक दिन ऐसा आएगा कि पानी के लिए हमलोगों को विश्वयुद्ध का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए जल संरक्षण पर हम सभी को जोर देना होगा। शिविर संयोजक एवं कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार वर्मा ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि जल हम सभी के जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है, यह सभी जानते हैं फिर भी वर्तमान समय में जिस प्रकार से व्यर्थ रूप से जल का दोहन किया जा रहा है यह अच्छे संकेत नहीं हैं अगर समय रहते हमने इस विषय पर गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया तो आने वाली पीढ़ी को पेयजल के लिए बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। प्रधानाचार्य डॉ राकेश कुमार माहेश्वरी ने सभी को जल संग्रहण की शपथ दिलाई। शिविर का समापन एनएसएस के संकल्प गीत.... हम होंगे कामयाब, के साथ हुआ। इस अवसर पर स्टाफ के अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## नव ज्योति शिक्षा सदन में छात्रों को हिन्दू नव वर्ष के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**नव ज्योति** शिक्षा सदन के प्रांगण में भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष्य में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने विद्यार्थियों को नववर्ष के बारे में जानकारियां साझा की। कौशिक ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवरात्र प्रारंभ होते हैं, सरसों, गेहूं और चने की फसल पककर तैयार हो जाती है, अब भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2080 शुरू हो गया है। चैत्र ही एक ऐसा माह है, जब प्रकृति में वृक्ष और लताएं पल्लवित और पुष्पित होती हैं। अध्यापिका पूनम शर्मा ने बच्चों के साथ मिलकर हवन यज्ञ संपन्न किया विद्यालय के शिक्षकों व छात्रों ने हवन मंत्रों का उच्चारण से पूर्ण आहुति दी। यज्ञ का समापन समिति के सचिव पवन कौशिक ने किया गया। बाद में सभी को प्रसाद वितरित किया गया। नवज्योति परिवार की तरफ से आप एवं आपके परिवार को नववर्ष एवं नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं।

## पी.के.आर. जैन कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**सैंकड़ों** साल पहले ही रहीम दास जी ने जल का महत्व बताते हुए कहा था कि रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून। पानी गए न उबरे, मोती पानस चून।। विश्व जल दिवस के अवसर पर पी.के.आर. जैन (पी.जी.) कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन सहायक प्रो. डॉ. सुरेश रानी व डॉ. पूनम साहनी द्वारा करवाया गया। जिसमें बी.एड. व एम.एड. के प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक - छात्राध्यापिकाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए जल बचाओ-जीवन बचाओ विषय का चुनाव किया गया। सहायक प्रो. डॉ. लवलीन व श्रीमती रूबल ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। उन्होंने निष्पक्ष निर्णय देते हुए मंजू को प्रथम, रूपाली व शिवानी को द्वितीय, शालू व राधिका को तृतीय तथा वर्षा व सपना को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर प्रबन्धक समिति के प्रधान श्री धर्मपाल जैन जी, उप-प्रघान श्री संजय जैन जी, सचिव श्री संजीव जैन जी, सह-सचिव श्री आशीष जैन जी, कैशियर श्री पंकज जैन जी व मैनेजर श्री गौरव जैन जी, कॉलेज कनवीनर श्री दीपक जैन जी व मैंबर श्री पुनीत जैन जी (पुनीत पैकर्स) ने अपने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि सरकार अपने स्तर पर जल प्रबंधन दिशा में बहुत से कार्य रही है। लेकिन जब तक हम सभी इस दिशा में प्रयासरत नहीं होंगे, तब तक हमें जल संकट का सामना करते रहना पड़ेगा। कॉलेज प्राचार्या डॉ. मुदिता भटनागर एवं उप-प्राचार्या डॉ. मिनी सपरा जी ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि जल संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है।

# हिंदू नववर्ष पर बाबा कलीनाथ कुश्ती अकादमी में रोपे पीपल के 100 पौधे

**टीम एक्श इंडिया/सोनीपत।**
**गांव रेवली** स्थित बाबा कलीनाथ कुश्ती अकादमी में बुधवार को हिंदू नववर्ष का स्वागत पौधरोपण अभियान के साथ किया गया। पर्यावरण हितैषी सतपाल दहिया के नेतृत्व में कुश्ती अकादमी के पहलवानों ने अकादमी में पीपल के 100 पौधे रोपे। इस दौरान सतपाल दहिया ने सभी पहलवानों को पौधरोपण का महत्व बताते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान पहलवानों ने बजरंग बली का जयकारा लगाते हुए पौधरोपण अभियान की शुरूआत की।



पौधरोपण अभियान में पहुंचे ट्रीमैन देवेंद्र सूरा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पहलवानों की तरफ से उठाए गए कदम की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पीपल का वृक्ष निस्वार्थ भावना से लोगों को 24 घंटे जीवनदायिनी ऑक्सीजन देता है। उसी प्रकार हमें भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा, तभी तक प्रकृति को सुरक्षित रख सकते हैं और आने वाली पीढ़ी को सुनहरा भविष्य दे सकते हैं। उन्होंने सभी पहलवानों को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए इसका महत्व बताया। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन समस्त सृष्टि की उत्पत्ति हुई थी। हमें प्रत्येक जीव-जंतु व पेड़-पौधों का अपने परिवार का हिस्सा मानते हुए इनकी रक्षा करनी चाहिए।

अखाड़ा संचालक अश्वनी डागर ने कहा कि प्रकृति के साथ ही जीवन संभव है। इसलिए पहलवानों को कुश्ती के गुर सिखाने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का भी पाठ पढ़ाया जाता है। अकादमी में पहले रोपे गए पौधों की भी सभी पहलवान बेहतर तरीके से देखभाल करते हैं। उन्होंने रोपे गए 100 पीपल के पौधों की पेड़ बनने तक देखभाल करने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस दौरान पहलवान अमित डागर, वृक्ष मित्र कप्तान, अखाड़ा संचालक अश्वनी डागर, पुनित दहिया, जयप्रकाश मलिक, राम नारायण, दलेल, कुलदीप, रणसिंह पहलवान, जितेंद्र बूरा, युद्धवीर, सुभाष आंतिल, मोहित ढोचक, दिलबाग, डॉ. अतुल पाटिल, सागर डागर, नितिन, मयंक, निशांत, जतिन सहित अन्य पर्यावरण मित्र मौजूद रहे।

> 8 सतपाल दहिया ने पहलवानों को पौधरोपण का महत्व बताते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया

## डीएसपी की अगुवाई में वेश्यावृति पर कसा शिकंजा, 3 महिलाओं सहित युवक काबू

> 8 पकड़ी गई युवतियां अंबाला, पंजाब, हिमाचल व नेपाल से लाई गई थी और उन्हें देह वयापार में संलिप्त किया था

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार) अम्बाला**
छावनी के न्यू दयालबाग में चल रहे सेक्सरैकेट का अंबाला पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस का कहना है कि सेक्स रैकेट एक महिला व उसकी 2 बेटियां चला रही थी। पुलिस ने रेड कर मां बेटियों व दलाल सहित 8 युवतियां भी पकड़ी। पकड़ी गई युवतियां अंबाला, पंजाब, हिमाचल व नेपाल से



लाई गई थी और उन्हें देह वयापार में सिंल्पत किया गया था। आरोपी युवतियों से देह व्यापार करवाकर पैसे कमा रहे थे। हालांकि, कार्रवाई के दौरान एक महिला मौके से फरार हो गई। महेश नगर थाना पुलिस ने एसएचओ रामपाल की शिकायत पर मां और उसकी 2 बेटियों व दलाल को नामजद करते हुए केस दर्ज किया है।

पुलिस की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि न्यू दयाल बाग में महिला अपनी दो बेटियां के साथ मिलकर बाहर से 8 से 10 युवतियों को बुला अपने मकानों में सेक्स रैकेट चलाती हैं। सूचना मिलने पर ह्युकुमार और महेश नगर थाना प्रभारी रामपाल सिंह की अगुवाई में तुरंत रेड की। पुलिस ने आरोपी महिला व उसकी बेटीयों के अलावा पंजाब के गांव सोहड़ा की एक महिला ,हिमाचल के सोलन की एक युवती, नेपाल की 3 युवतीयों यूपी के गांव मिजार्पुर 2 युवतियों, अंबाला कैंट की एक युवती व सेक्टर-7 अंबाला सिटी निवासी दलाल को काबू किया।

## संपादकीय

# वैज्ञानिक कालगणना और भारतीय अध्यात्म

**भारतीय** नव वर्ष का शुभारंभ प्रकृति की नवचेतना के साथ होता है। वृक्ष नए रूप में पल्लवित होते है। प्रकृति सर्वत्र उत्साह का संचार करती है। मां दुर्गा की उपासना से माहौल भक्तिमय हो जाता है। दुनिया की सर्वाधिक प्राचीन व वैज्ञानिक कालगणना का आविष्कार भारत में हुआ था। इसमें समय के न्यूनतम अंश का भी समावेश है। प्रलय के बाद भी यह कालगणना निरन्तर जारी रहेगी। प्रासंगिक रहेगी। इसके नववर्ष में प्रकृति भी नए रूप में परिलक्षित होती है। यह संधिकाल आध्यात्मिक ऊर्जा को प्राप्त करने का अवसर होता है। इसमें पाश्चात्य नववर्ष की तरह देररात का हंगामा नहीं होता। भारतीय कालगणना में परमाणु से लेकर कल्प तक का विचार है। इसलिए यह पूर्णतया वैज्ञानिक है। भारतीय नववर्ष का प्रथम दिन अपने में व्यापक संदेश देने वाला होता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही पृथ्वी माता का प्रादुर्भाव हुआ। इसी के साथ ब्रह्मा जी ने कालगणना का श्रीगणेश किया। नवरात्रि का प्रथम दिवस मत्स्यावतार, प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक, धर्मराज युधिष्ठिर का राज्य तिलक इसी दिन हुआ था। यह सभी अवसर भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने वाले है। पृथ्वी के प्रादुर्भाव के एक अरब सत्तानबे करोड़ उनतीस लाख उनचास हजार एक सौ बाइस वर्ष हो चुके हैं। इस अवधि में एक पल का भी अंतर नहीं हुआ है। यह भारतीय वैज्ञानिक कालगणना कि विशेषता है। इसकी बराबरी के विषय में दुनिया की अन्य कालगणना कल्पना भी नहीं कर सकती। ईसा पूर्व और ईसा बाद का प्रचलन तथ्य परक नहीं है। प्राचीन भारत के गुरुकुल अनुसंधान के केंद्र हुआ करते थे। कालगणना में क्रमशः प्रहर, दिन-रात, पक्ष, अयन,संवत्सर, दिव्यवर्ष,मन्वन्तर, युग, कल्प और ब्रह्मा की गणना की जाती है। हमारे ऋषियों ने चक्रीय अवधारणा का सुंदर वर्णन किया है। काल को कल्प और मन्वन्तर युग में विभाजित किया गया है। इसमें चार युग -सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग हैं। इनकी चक्रीय व्यवस्था है। अर्थात ये शाश्वत रूप से आते-जाते हैं। इसकी पुनरावृत्ति होती रहती है। इसके अनुरूप इस समय ब्रह्मा की आयु के दूसरे खंड में, श्वेतावाराह कल्प में, वैवस्वत मन्वन्तर में 20वां कलियुग चल रहा है। इस कलियुग की समाप्ति के पश्चात चक्रीय नियम में पुनः सतयुग आएगा। वस्तुतः यह अवधारणा ही प्राकृतिक है। इसमें पिंड व ब्रह्मांड का भी विचार है। अंतर व बाह्य चेतना परम सत्ता से संबंधित है। भारतीय कालगणना आधुनिक खगोल विज्ञान के लिए भी चमत्कार से कम नहीं। यह इसलिए कि इसका आविष्कार उस समय हुआ था जब दुनिया में अन्यत्र मानव सभ्यता नहीं थी। इस काल का आकलन ईसा पूर्व जैसी परिधि में संभव ही नहीं है। यह कालगणना पृथ्वी के प्रादुर्भाव से प्रारंभ होती है। यह शाश्वत है। चारों युग समाप्त होंगे। नए युगों का चक्र प्रारंभ होगा, लेकिन यह कालगणना तब भी इसी गति से चलती रहेगी। इसमें एक पल का भी अंतर नहीं आएगा। इसके लिए प्रकृति की समझना होगा। प्रकृति के निकट जाना पड़ेगा। जीवनशैली में उसी के अनुरूप परिवर्तन करना होगा। कर्म और प्रारब्ध या भाग्य का यह अविनाशी चक्र निरंतर चलता रहता है। अपने विचारों में परिवर्तन कर श्रेष्ठ कर्म करना चाहिए।

# गहलोत की चाल से चित्त हुआ विपक्ष

रमेश सर्राफ धमोरा

> "नए जिलों के गठन में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने राजनीतिक समर्थकों के साथ विरोधियों को भी साधा है। जहां कांग्रेस कमजोर है वहां भी नये जिलों की घोषणा की गई है। ब्यावर में लंबे समय भाजपा के शंकर सिंह रावत जीत रहें हैं। भाजपा राज में ब्यावर जिला नहीं बन पाया। गहलोत ने ब्यावर को जिला बना दिया। जिसे आगे चुनाव में कांग्रेस भुनाएगी। पाली, जालोर और सिरोही में भी कांग्रेस बहुत कमजोर है। पाली को संभाग मुख्यालय बनाना और सांचैर को जिला बनाना भी गहलोत का उस क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। फलोदी, बालोतरा को भी जिला बनाकर गहलोत ने अपनी छवि को मजबूत किया है। बजट पास होने वाले दिन नए जिलों व नए संभागों की घोषणा से विपक्ष निरुत्तर हो गया है"

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ऐसे ही राजनीति का जादूगर नहीं कहा जाता है। उन्हें जब भी मौका मिलता है अपनी राजनीतिक जादूगरी के बल पर विरोधियों को चारों खाने चित्त कर देते हैं। विरोधी चाहे विपक्षी दलों के हो या उनकी खुद की पार्टी के हो। मौका मिलते ही वह किसी को नहीं बख्शते हैं। पिछले काफी समय से उन्हें अपनी ही पार्टी के अंदर तगड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसके उपरांत भी उन्होंने हार नहीं मानी और एक-एक कर अपने सभी विरोधियों को राजनीतिक हाशिए पर पहुंचा दिया। अगले विधानसभा चुनाव में मात्र आठ महीने का समय बचा है। इसीलिए गहलोत राजनीति के मैदान में खुलकर खेल रहे हैं। पिछले 30 वर्षों से राजस्थान में हर पांच साल बाद सरकार बदलने का मिथक चला आ रहा है। मगर मुख्यमंत्री गहलोत अगले विधानसभा चुनाव में इस मिथक को तोड़ कर फिर से कांग्रेस की सरकार बनाना चाहते हैं। इसीलिए उन्होंने अपना बजट पास करवाते समय राजस्थान में एक साथ 19 नए जिलों व बांसवाड़ा, पाली, सीकर तीन नए संभागों का गठन कर अपने 50 साल के राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा मास्टर स्ट्रोक चल दिया है।

अभी राजस्थान में 33 जिले कार्यरत है। एक नवंबर 1956 को राजस्थान गठन के समय कुल 26 जिले थे। 15 अप्रैल 1982 को भरतपुर से अलग कर धौलपुर प्रदेश का 27 वां जिला बना था। 10 अप्रैल 1991 को एक साथ 3 जिले कोटा से अलग होकर बारां, जयपुर से अलग होकर दौसा व उदयपुर से अलग होकर राजसमंद जिले का गठन हुआ था। 12 जुलाई 1994 को श्री गंगानगर से अलग होकर हनुमानगढ़ राजस्थान का 31वां जिला बना था। 19 जुलाई 1997 को सवाई माधोपुर से अलग होकर करौली को 32 वां जिला बनाया गया था। 26 जनवरी 2008 को उदयपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा से अलग होकर प्रतापगढ़ 33 वां जिला बना था।

2008 में प्रतापगढ़ के बाद से राज्य में कोई नया जिला नहीं बन पाया। वर्तमान में राजस्थान की आबादी 8 करोड़ से ज्यादा हो चुकी है। पिछले 40 सालों में प्रदेश कि आबादी तो दोगुनी हो गई लेकिन जिले केवल सात ही बढ़े हैं। 1981 तक राजस्थान में 26 जिले थे तब राजस्थान की जनसंख्या करीब 3.6 करोड़ थी। आज के समय में आबादी 8 करोड़ से भी ज्यादा है, लेकिन जिले 33 ही बन पाए। आबादी की तरह जिलों की संख्या नहीं बढ़ी।



राजस्थान में अंतिम जिला 15 वर्ष पूर्व प्रतापगढ़ बना था। उसके बाद से प्रदेश में लगातार नए जिले बनाने की मांग उठती रही थी। मगर राजनीतिक विरोध की संभावना के चलते किसी भी सरकार ने नए जिलों के गठन का जोखिम उठाना राजनीतिक दृष्टि से सही नहीं माना और नये जिलों का गठन टलता रहा। जबकि क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान देश का पहला व आबादी के हिसाब से सातवा सबसे बड़ा प्रदेश है।

जिलों की कमी के चलते प्रदेश में प्रशासनिक कार्यों के लिए लोगों को दूर-दूर भटकना पड़ता है। कई क्षेत्रों में तो जिला मुख्यालय 150 किलोमीटर की दूरी तक स्थित होने से आमजन को बहुत ही परेशानी उठानी पडती है। प्रदेश के आमजन की परेशानियों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक साथ 19 नये जिलों का गठन कर प्रदेश की जनता को एक बहुत बड़ी सौगात दी है। इसका लाभ कांग्रेस को आने वाले विधानसभा चुनाव में भी मिलना तय माना जा रहा है। देश में एक साथ सबसे अधिक जिलों के गठन का रिकॉर्ड भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम हो गया है। अब तक किसी भी प्रदेश में एक साथ 19 जिलों का गठन नहीं हुआ है।

प्रदेश में बनाये गए नए जिलों में जयपुर जिले को तोड़कर जयपुर उत्तर, जयपुर दक्षिण, दूदू और कोटपूतली जिला बनाया गया है। जोधपुर को तोड़कर जोधपुर पूर्व, जोधपुर पश्चिम और फलोदी में बांटा गया है। श्रीगंगानगर से अनूपगढ़, बाड़मेर से बालोतरा, अजमेर से ब्यावर और केकड़ी, भरतपुर से डीग, नागौर से डीडवाना-कुचामनसिटी, सवाईमाधोपुर से गंगापुर सिटी, अलवर से खैरथल, सीकर से नीम का थाना, उदयपुर से सलूंबर, जालोर से सांचोर और भीलवाड़ा से शाहपुरा को काटकर नया जिला बनाया गया है। वहीं उदयपुर को काटकर बांसवाड़ा, जोधपुर को काटकर पाली व जयपुर को काटकर सीकर नए संभाग बनाए गए हैं। इन संभाग मुख्यालयों के तहत कौन-कौन से जिले काम करेंगे यह अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। नये संभागों के गठन में भी क्षेत्रीय संतुलन साधा गया है। शेखावाटी क्षेत्र से सीकर, मारवाड़ क्षेत्र से पाली और आदीवासी बहुल मेवाड़ क्षेत्र से बांसवाड़ा को नया संभाग बनाया गया है।

नए जिलों के गठन में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने राजनीतिक समर्थकों के साथ विरोधियों को भी साधा है। जहां कांग्रेस कमजोर है वहां भी नये जिलों की घोषणा की गई है। ब्यावर में लंबे समय भाजपा के शंकर सिंह रावत जीत रहें हैं। भाजपा राज में ब्यावर जिला नहीं बन पाया। गहलोत ने ब्यावर को जिला बना दिया। जिसे आगे चुनाव में कांग्रेस भुनाएगी। पाली, जालोर और सिरोही में भी कांग्रेस बहुत कमजोर है। पाली को संभाग मुख्यालय बनाना और सांचैर को जिला बनाना भी गहलोत का उस क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। फलोदी, बालोतरा को भी जिला बनाकर गहलोत ने अपनी छवि को मजबूत किया है। बजट पास होने वाले दिन नए जिलों व नए संभागों की घोषणा से विपक्ष निरुत्तर हो गया है। विपक्ष के पास अभी इसकी कोई काट नहीं है।

मुख्यमंत्री गहलोत ने महिलाओं-छात्राओं को आनेवाले रक्षाबंधन पर 40 लाख स्मार्ट फोन देने की बड़ी घोषणा की है। गहलोत ने बजट के दिन उज्ज्वला से जुड़ी महिलाओं को 500 रुपए में सिलेंडर देने की घोषणा की थी। यह प्रदेश की महिला मतदाताओं को साधने की रणनीति है। महिलाओं को फोकस करते हुए गहलोत ने बजट में राजस्थान रोडवेज की साधरण श्रेणी की बसों में राजस्थान सीमा के भीतर महिलाओं का बस किराया आधा कर दिया है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हमेशा नई लीक खींचकर लक्ष्य हासिल करने में विश्वास रखते हैं। इसी को मध्य नजर रखते हुए इस बार का आम बजट पूरी तरह प्रदेश के आमजन की जन आकांक्षाओं को पूरा करने की दृष्टि से बनाया गया है। इसमें आम लोगों को बड़ी राहत दी गई है। चुनावी साल में सभी सरकारें लोक लुभावन बजट पेश करती हैं। इस बार बचत, राहत और बढ़त की थीम के साथ गहलोत द्वारा पेश बजट ने विपक्ष का मुंह बंद कर दिया है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट की चर्चा पर जवाब देते हुए कांग्रेस आलाकमान को भी संदेश दे दिया है कि आज भी उनमें सबको साथ लेकर चलने की क्षमता बरकरार है। राजस्थान कांग्रेस में वही एकमात्र ऐसे नेता है जो विरोधियों को पटकनी दे सकते हैं। विरोधी दल कितना भी हल्ला मचाए प्रदेश में सत्ता विरोधी लहर को रोकने की ताकत उनमें ही है। हर बार सत्ता बदलने का मिथक भी वह इस बार तोड़ देंगे।

इन्हीं सब बातों को देखते हुए अब लगने लगा है कि अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस आलाकमान उन्हें पूरी तरह फ्री हैंड देखकर राजस्थान में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने की जिम्मेदारी सौंप सकता है।

अशोक गहलोत ने अपने जादुई पिटारे से सभी लोग लुभावनी घोषणाये तो कर दी है। अब देखना है चुनाव तक उन पर कितना अमल हो पाता है। यदि अशोक गहलोत अपने मिशन में कामयाब होते हैं तो उन्हें चौथी बार मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक पायेगा।

## कविता

### क्यों गुलाबों की तरह महकते नहीं

क्यों गुलाबों की तरह महकते नहीं।
क्यू तुम बहारों के साथ चहकते नहीं। ।

दफ्न हो रही है तमन्ना ए मोहब्बत,
क्यू फूलों की शोहबत में रहते नहीं।

मर जायेगा आशिक तनहा होकर,
क्यूँ उसके खतो का जवाब देते नहीं।

फीकी पड़ गई है आशनाई ऐ मोहब्बत,
तस्सवुर में न जाने क्यूँ खुशबु बिखेरते नहीं।

तमन्नाओं की मंजिल तो तू है मेरी,
क्यों तसव्वुर में अपने लेते नहीं।

मोहब्बत में उलझन पैदा करेगा जमाना,
मेरे साथ क्यों रिश्ते तोड़ जाते नहीं।

आये हो, दो पल सुकूँ के गुजार लो,
फिर मिलने का वादा आप करते नहीं।

संजीव ठाकुर

# संस्कारिक एकता के मूल आधार है

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**हिंदुस्तान** त्योहारों का देश है। त्योहार हमको सामाजिक और संस्कारिक रूप से जोड़ने का काम करते हैं। हमारी सांस्कृतिक और संस्कारिक एकता ही भारत की अखंडता का मूल आधार है। ह्यह्यव्रत -त्यौहारों के दिन हम देवताओं का स्मरण करते हैं, व्रत, दान तथा कथा श्रवण करते हैं, जिससे व्यक्तिगत उन्नति के साथ सामाजिक समरसता का संदेश भी समाज में पहुंचता है। इसमें ही भारतीय संस्कृति के बीज छिपे हैं। हमारे सामाजिक जीवन में कुछ ऐसे दिन आते हैं जिनसे मात्र एक व्यक्ति, या परिवार ही नहीं वरन् पूरा समाज आनंदित और उल्लासित होता है। भारत को यदि पर्व-त्योहारों का देश कहा जाए तो उचित होगा। यहां भोजपुरी भाषा में एक कहावत है- सात वार नौ त्यौहार। कृषि प्रधान होने के कारण प्रत्येक ऋतु - परिवर्तन हंसी - खुशी मनोरंजन के साथ अपना - अपना उपयोग रखता है। इन्हीं अवसरों पर त्योहार का समावेश किया गया है , जो उचित है। प्रथम श्रेणी में वे व्रतोत्सव , पर्व - त्योहार और मेले है, जो सांस्कृतिक हैं और जिनका उद्देश्य भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों और विचारों की रक्षा करना है। इस वर्ग में हिन्दूओं के सभी बड़े - बड़े पर्व - त्योहार आ जाते है , जैसे - होलिका - उत्सव , दीपावली , बसन्त , श्रावणी , संक्रान्ति आदि। संस्कृति की रक्षा इनकी आत्मा है। दूसरी श्रेणी में वे पर्व - त्योहार आते है , हिन्हें किसी महापुरूष की पुण्य स्मृति में बनाया गया है। जिस महापुरूष की स्मृति के ये सूचक है , उसके गुणों , लीलाओं , पावन चरित्र , महानताओं को स्मरण रखने के लिए इनका विधान है। इस श्रेणी में रामनवमी , कृष्णाष्टमी , भीष्म - पंचमी , हनुमान - जयंती , नाग - पंचमी आदि त्योहार रखे जा सकते हैं।

यानि यहां हर दिन में एक त्यौहार अवश्य पड़ता है। अनेकता में एकता की मिसाल इसी त्यौहार पर्व के अवसर पर देखी जाती है। रोजमर्रा की भागती-दौड़ती, उलझनों से भरी हुई ऊर्जा प्रधान हो चुकी, वीरान सी बनती जा रही जिंदगी में ये त्यौहार ही व्यक्ति के लिए सुख, आनंद, हर्ष एवं उल्लास के साथ ताजगी भरे पल लाते हैं। यह मात्र हिंदू धर्म में ही नहीं वरन् विभिन्न धर्मों, संप्रदायों पर लागू होता है। वस्तुतः ये पर्व विभिन्न जन समुदायों की सामाजिक मान्यताओं, परंपराओं और पूर्व संस्कारों पर आधारित होते हैं। सभी त्यौहारों की अपनी परंपराएं, रीति -रिवाज होते हैं। ये त्यौहार मानव जीवन में करुणा, दया, सरलता, आतिथ्य सत्कार, पारस्परिक प्रेम, सद्भावना, परोपकार जैसे नैतिक गुणों का विकास कर मनुष्य को चारित्रिक एवं भावनात्मक बल प्रदान करते हैं। भारतीय संस्कृति के गौरव एवं पहचान ये पर्व, त्यौहार सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण हैं। सामाजिक त्योहार और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास और पारस्परिक कौशल के निर्माण में सहायता करने के लिए अद्भुत अवसर प्रदान करते हैं।

## विचार

# जब देश में थी दीवाली....!

सुनील कुमार महला

23 मार्च का दिन शहीदों को याद करने का दिन है, इस दिन को याद कर हर किसी की आंखें एकबारगी नम हो जाती हैं लेकिन दिल हमेशा इन शहीदों पर फक्र करता है और करता रहेगा। तेईस मार्च का दिन वह दिन है, जिस पर हर किसी की जुबां पर जगदंबा प्रसाद मिश्र 'हितैषी' की कविता 'शहीदों की चिताओं पर जुड़ेंगे हर बरस मेले' की याद लाजिमी है। कविता की पंक्तियों को ज?ा आप भी देखिए और महसूस कीजिए-'उरूजे कामयाबी पर कभी हिंदोस्ताँ होगा।रिहा सैयाद के हाथों से अपना आशियाँ होगा।।चखाएँगे मजा बबार्दी-ए-गुलशन का गुलचीं को।बहार आ जाएगी उस दम जब अपना बागबाँ होगा।ये आए दिन की छेड़ अच्छी नहीं ऐ खंजर-ए-कातिल।पता कब फैसला उनके हमारे दरमियाँ होगा।।जुदा मत हो मेरे पहलू से ऐ दर्दे वतन हरगिज।न जाने बाद मुर्दन मैं कहाँ औ तू कहाँ होगा।।वतन के आबरू का पास देखें कौन करता है।सुना है आज मकतल में हमारा इम्तहाँ होगा।।शहीदों की चिताओं पर जुड़ेंगे हर बरस मेले।वतन पर मरनेवालों का यही बाकी निशाँ होगा।।कभी वह दिन भी आएगा जब अपना राज देखेंगे।जब अपनी ही जमीं होगी और अपना आसमाँ होगा।।'जगदंबा प्रसाद मिश्र जी ने उक्त पंक्तियां वर्ष 1916 में लिखी थी, पर समय भी देश के वीर सपूतों, आजादी के मतवालों,दीवानों को लेकर व्यक्त की गई इन भावनाओं को आज तक भी धुंधला नहीं पाया है और ये हमारे मानस पटल पर आज तक अंकित हैं।भारतीय इतिहास में 23 मार्च का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण व बड़ा दिन है। क्यों कि तेईस मार्च को प्रत्येक वर्ष शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। वैसे तीस जनवरी को भी हम शहीद दिवस के रूप में मनाते हैं। 30 जनवरी को नाथूराम गोडसे नामक व्यक्ति ने भारत के राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जबकि 23 मार्च 1931 को भारत के सपूतों और महान क्रांतिकारियों शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने हंसते हंसते फांसी की सजा को अपने गले लगा लिया था। भारतीय इतिहास में ये दोनों ही दिवस अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण इसलिए हैं क्योंकि इन दोनों दिवसों पर भारत की आन-बान और शान, भारत के गौरव, इसके कल्याण और इसकी आजादी के लिए लड़ते हुए हमारे देश के वीर सपूतों, महापुरुषों ने अपने प्राणों की आहूति तक दे दी थी। आज की युवा पीढ़ी को शायद यह जानकारी नहीं होगी कि इनको तय दिन और समय से 11 घंटे पहले ही अंग्रेजों द्वारा फांसी पर चढ़ा दिया गया था। भगतसिंह आजादी के कितने बड़े दीवाने थे इस बात का पता मात्र इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपने माता-पिता से कहा था कि ह्लअगर गुलाम भारत में मेरी शादी होगी तो मेरी दुल्हन मौत होगी'ह्व इसके बाद वह ह्लहिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशनह्व में शामिल हो गए थे। भगतसिंह ने जेल में रहते हुए 116 दिनों तक उपवास किया था और आश्चर्य की बात है कि इस दौरान उन्होंने अपने दैनिक जीवन के सभी कार्य पढ़ना-लिखना, गायन इत्यादि को जारी रखा। भगतसिंह हंसते हंसते हुए फांसी के फंदे पर झूल गए थे। कहते हैं कि जब भगतसिंह की मां जेल में उनसे मिलने आई थी तो भगत सिंह जोरों से हँस पड़े थे' यह देखकर जेल के अधिकारी भौचक्के रह गए थे कि यह कैसा व्यक्ति है जो मौत के इतने करीब होने के बावजूद खुले दिल से हँस रहा है। जानकारी मिलती है कि फांसी पर जाने से पहले तक भी वे लेनिन की जीवनी पढ़ रहे थे।वास्तव में, भगतसिंह का फांसी पर निडरता के साथ हंसते हुए झूलना ब्रिटिश साम्राज्यवाद को नीचा दिखाना था। एक जगह पर भगतसिंह लिखते हैं-'मेरे जज्बातों से इस कदर वाकिफ हैं मेरी कलम।मैं इश्क भी लिखना चाहूँ तो भी, इंकलाब लिख जाता हैं।।' भगतसिंह ने अपने अति संक्षिप्त जीवन( 28 सितंबर 1907- 23 मार्च 1931) में वैचारिक क्रांति की जो मशाल जलाई थी, उनके बाद अब किसी के लिए संभव न होगी। असेंबली में बम फेंकने के बाद उन्होंने पर्चों में यह लिखा था कि-"आदमी को मारा जा सकता है उसके विचार को नहीं। बड़े साम्राज्यों का पतन हो जाता है लेकिन विचार हमेशा जीवित रहते हैं और बहरे हो चुके लोगों को सुनाने के लिए ऊंची आवाज जरूरी है।' वास्तव में असेंबली में बम फेंकने के पीछे उनका उद्देश्य किसी प्रकार का खून-खराबा करना नहीं अपितु अंग्रेजी शासन तक अपनी आवाज को पहुंचाना था।

जानकारी देना चाहूंगा कि भगतसिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने 8 अप्रैल 1929 को केंद्रीय असेम्बली में एक खाली स्थान पर बम फेंका था। इसके बाद उन्होंने स्वयं गिरफ्तारी देकर अपना संदेश दुनिया के सामने रखा था। उनकी गिरफ्तारी के बाद उन पर एक ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जेपी साण्डर्स की हत्या में भी शामिल होने के कारण देशद्रोह और हत्या का मुकदमा चलाया गया था।जानकारी देना चाहूंगा कि सुखदेव ने ही भगत सिंह को असेम्बली हॉल में बम फेंकने के लिए राजी किया था। सुखदेव द्वारा भगत सिंह को कायर एवं डरपोक कहने के बाद भगतसिंह ने खुद असेम्बली हॉल में बम फेंकने का निर्णय लिया था।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# डिजिटल इंडिया के बुनियादी ढांचे को हर गांव तक पहुंचाने की जरूरत

**विजय गर्ग**


**डिजिटल** इंडिया के बुनियादी ढांचे को हर गांव तक पहुंचाने की जरूरत है विजय गर्ग कृषि स्टार्टअप से लेकर मोटे अनाज पर जोर, बजट में कई संदर्भ बिंदु थे, ग्रामीण डिजिटलीकरण भी बजट में एक संदर्भ है। जो उत्पाद, उद्यम और बाजार को बढ़ावा दे सकता है। गौरतलब है कि डिजिटल इंडिया का विस्तार और प्रचार-प्रसार केवल शहरी डिजिटाइजेशन तक ही सीमित रहने से नहीं चलेगा, बल्कि इसके लिए मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ हर गांव तक पहुंचना होगा। गौरतलब है कि भारत में साढ़े छह लाख गांव और ढाई लाख ग्राम पंचायतें हैंआंकड़े बताते हैं कि 3 साल पहले लगभग आधी ग्राम पंचायतें हाई स्पीड नेटवर्क से जुड़ी थीं। चूंकि भारत की अधिकांश ग्रामीण आबादी कृषि गतिविधियों में शामिल है, इसलिए रोजगार और उद्यमिता के एक बड़े क्षेत्र को यहां कृषि में एक समावेशी दृष्टिकोण से परखा और परखा जा सकता है। गांव में डिजिटल उद्यमी भी तैयार हो रहे हैं। यह बयान प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त, 2021 को लाल किले की प्राचीर से दिया था। दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एक फरवरी को पेश बजट में किसानों को एक अंक दिया गयाप्रशिक्षण देना अति आवश्यक है। गांव की 8 करोड़ से अधिक महिलाएं जो उत्पादक पैमाने पर स्वयं सहायता समूहों में उत्पादन में लगी हैं और देश-विदेश में बाजार ढूंढती हैं, इसलिए सरकार एक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म बनाएगी, संदर्भ भी इसी का हिस्सा है। समान सामग्री। उल्लेखनीय है कि दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीवाई-एनआरएलएम) के तहत 30 जून 2021 तक देशभर में करीब 70 लाख महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। जिसमें 8 करोड़ से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। इंटरनेट और मोबाइलएसोसिएशन के एक सर्वे पर आधारित रिपोर्ट बताती है कि 2020 में गांव में इंटरनेट यूजर्स की संख्या 30 करोड़ तक पहुंच गई थी. औसतन हर तीसरे ग्रामीण की इंटरनेट तक पहुंच है। खास बात यह भी है कि इसका इस्तेमाल करने वालों में 42 फीसदी महिलाएं हैं।

# मौत की ताजा खबर

**डॉ. सुरेश कुमार**

**अरी** सुनती हो! पिछले कितने दिनों से खुशखबरी सुनने की प्रतीक्षा कर रहा था।। इस खबर को सुनने के लिए कान तरस गए थे। ऐसे दृश्य देखने के लिए आँखें पक गयी थीं। अब देखो न पिछले कितने दिनों से किसी की मौत नहीं हुई। हम खाली पड़े-पड़े मक्खी मार रहे थे। अच्छा हुआ उस लड़की ने खुद को आग लगा ली। ऐसी खुशखबरी बार-बार थोड़ी न मिलती है। जबसे उस लड़की ने आग लगा ली है तभी से खुशी के मारे मेरा शरीर फड़फड़ा रहा है। मैं तो इसी दिन के लिए भगवान से प्रार्थना कर रहा था कि किसी के जान माल को नुकसान हो तो हमारा धंधा जोर पकड़े। मैं तो ऊपर वाले केवल इतनी प्रार्थना करता हूँ कि जल्दी से जल्दी उस लड़की की मौत हो जाएगी तो मैं चढ़ावा चढ़ाऊंगा। मरेगी भी क्यों नहीं? अस्सी प्रतिशत बदन जल चुका है। अब उसका मरना तय है और हमारा भाग्योदय होना निश्चित है।ह्व (नेता जी कुछ सोचते रहते हैं कि तभी फोन पर मैसेज आता है) अरी वाह! वाह! मेरी मुराद पूरी हुई। वह लड़की मर गई। जल्दी करो नाश्ता तैयार हुआ कि नहीं। मुझे सबसे पहले वहाँ पहुँचना होगा। पता चला कि मुझसे पहले कोई और पहुँच गया तो किए धराए पर पानी फिर जाएगा। अरे! आप इतनी हड़बड़ाहट क्यों करते हैं? दो मिनट में तैयार हो जाएगा। ज्यादा उछल-कूद मत कीजिए। इत्मिनान से बैठिए और खाकर जाइए। यह दुनिया की पहली लड़की थोड़ी न है जो जलकर मरी है। और भी मरेंगी। जब तक गरीबी, महंगाई, लाचारी, भ्रष्टाचार जैसे वायरस फैले हुए है आए दिन मौत के ऐसे अनगिनत हुजूम लगते रहेंगे। किंतु आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। पिछली बार आईटी की रेड क्या पड़ी आपका शुगर लेवल अप-डाऊन हो गया। आपके सिवाय दुनिया में हमारा कौन है? मुन्ना अभी छोटा है। वह राजनीति के दांवपेंच नहीं जानता। मैं ठहरी घर-गृहस्थी करने वाली। मुझमें अभी किसी का खाया भैंस का चारा पचान की क्षमता नहीं आई। इसीलिए आपसे कहती हूँ कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखिए। जान है तो जहान है। पत्नी आँखों में आँसू लाते हुए बोली।

# 1 एक साल नई मिसाल



"21 वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## संकल्प नये उत्तराखण्ड का

- प्रदेश की मातृ शक्ति के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण।
- लखपति दीदी योजना में वर्ष 2025 तक प्रदेश की 1.25 लाख महिलाओं को लखपति बनाने की पहल।
- राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का निर्णय।
- चारधाम और कांवड़ यात्रा में कुशल प्रबंधन से रिकॉर्ड संख्या में आए श्रद्धालु।
- केदारनाथ धाम और बदरीनाथ धाम की तर्ज पर मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत कुमाऊं के पौराणिक और प्राचीन मंदिर क्षेत्रों में अवस्थापनात्मक विकास।
- वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक जिला दो उत्पाद योजना।
- स्टेट मिलेट मिशन, मंडुआ की न्यूनतम समर्थन कीमत 3574 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीद।
- नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने में उत्तराखण्ड अग्रणी राज्य। प्रदेश के राजकीय विद्यालयों के प्रतिभावान छात्रों के लिए मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति योजना।
- टेली मेडिसिन के लिए 400 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को 04 मेडिकल कॉलेज से जोड़ा गया।
- 06 एरोमा वैली विकसित करने की योजना। 50 हजार पॉलीहाउस से बदलेगी उद्यानिकी की तस्वीर। इसके लिए बजट में 200 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- मिशन दालचीनी, मिशन तिमरु प्रारंभ करने का निर्णय।
- नई खेल नीति से प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, खेल अवस्थापनात्मक सुविधाओं का विकास।
- उद्योगों को बढावा देने के लिए उत्तराखण्ड लॉजिस्टिक नीति, प्राइवेट इंडस्ट्रियल एस्टेट पॉलिसी।
- मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना में सब्सिडी बढ़ाकर 40 प्रतिशत की।
- नई पर्यटन नीति में स्वरोजगार को बढ़ावा, 100 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान।

## मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी

- केदारनाथ, बदरीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री के साथ ही टनकपुर-पिथौरागढ़ की सड़क कनेक्टिविटी में सुधार के लिये चारधाम ऑलवेदर सड़क परियोजना पर तेजी से काम गतिमान।
- दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड़, नजीबाबाद-अफजलगढ़ बाईपास के साथ ही सितारगंज से टनकपुर मोटरमार्ग को चार लेन में परिवर्तित करने की स्वीकृति।
- केन्द्र सरकार से पौंटा साहिब-देहरादून, बनबसा-कंचनपुर, भानियावाला-ऋषिकेश, काठगोदाम-लालकुंआ-हल्द्वानी बाईपास और रुद्रपुर बाईपास परियोजनाओं की महत्वपूर्ण सौगात।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से काम गतिमान।
- गौरीकुण्ड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुण्ट साहिब रोपवे का शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया। पर्वतमाला परियोजना पर तेजी से काम गतिमान।
- उत्तराखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में भारत सरकार द्वारा 1202 मोबाईल टावर की स्वीकृति।


**भर्ती माफिया पर कड़ा प्रहार, देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून।**

**जबरन और प्रलोभन से धर्मांतरण पर रोक के लिए सख्त कानून।**

**समान नागरिक संहिता के लिए मजबूती से बढ़े कदम।**

**अंत्योदय परिवारों को साल में तीन गैस रिफिल निःशुल्क।**





"माननीय प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा है कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का होगा। उनके इस वाक्य ने उत्तराखण्डवासियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। केन्द्र सरकार से राज्य को प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है। राज्य सरकार सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और जनसंतुष्टि के मूलमंत्र पर चलते हुए अंत्योदय की भावना के साथ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के विकास, कल्याण और उन्नति के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम वर्ष 2025 तक देवभूमि को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR